# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 9 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com





## देश में तेजी से बढ़ रही है कोरोना संक्रमितों की संख्या

# 24 घंटे में 3320 नए केस- 95 की मौत

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और पिछले 24 घंटों में देश के विभिन्न हिस्सों में इसके 3320 नए मामले सामने आने के कारण इससे प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 60 हजार के करीब पहुंच गई है तथा इस दौरान 95 लोगों की मौत से मृतकों की संख्या 1981 पर पहुंच गयी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के विभिन्न राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में इससे अब तक 59662 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 1981 लोगों की मौत हुई है। वहीं अब तक 17847 लोग ठीक हुए हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है।

देश में कोरोना से सबसे अधिक महाराष्ट्र प्रभावित हुआ है और इसके कारण राज्य की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। महाराष्ट्र में 19063 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं तथा 731 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 3470 लोग इस संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। कोविड-19 से प्रभावित होने के मामले में देश का पश्चिमी राज्य गुजरात दूसरे नंबर पर है। गुजरात में अब तक 7402 लोग इससे संक्रमित हुए हैं तथा 449 लोगों की मृत्यु हुई है। वहीं 1872 लोगों को उपचार के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी मिल चुकी है। राष्टीय राजधानी दिल्ली की भी स्थिति इस जानलेवा विषाणु के कारण चिंताजनक बनी हुई है। यहां इससे अब तक 6318 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 68 लोगों ने जान गंवाई है। वहीं 2020 लोगों को उपचार के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है।

राजस्थान में भी कोरोना तेजी से पैर पसार रहा है। यहां अब तक 3579 लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं तथा 101 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1916 लोग इससे ठीक हुए हैं। तमिलनाडु में कोविड-19 संक्रमितों की संख्या 6009 तक पहुंच गई है तथा 40 लोगों की अब तक इसके कारण मौत हो चुकी है। वहीं 1605 लोग इस संक्रमण से उबरने में कामयाब हुए हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में अब तक 3214 लोग इसकी चपेट में आए हैं तथा 66 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1387 लोग अब तक इससे ठीक हुए हैं। तेलंगाना में अब तक कोरोना से 1133 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 29 लोगों ने जान गंवाई है। वहीं 700 लोग अब तक इससे ठीक हुए हैं।

आंध्र प्रदेश में 1887 और कर्नाटक में 753 लोग संक्रमित हैं तथा इन राज्यों में इससे मरने वालों की संख्या क्रमशः 41 और 30 हो गयी। वहीं केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 883 हो गई है और नौ लोगों की मृत्यु हुई है। पश्चिम बंगाल में 160, पंजाब में 29, हरियाणा में आठ और बिहार में पांच, झारखंड में तीन, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में दो-दो तथा मेघालय, उत्तराखंड, असम और चंडीगढ़ में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## जालंधर में कोरोना के आज 7 नए मरीज



**नांदेड़ से लौटे तीन श्रद्धालुओं की रिपोर्ट भी पाजीटिव**

**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब के जालंधर से बड़ी खबर है। जालंधर शहर में शनिवार को कोरोना के 7 नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं। अब जिले में मरीजों की संख्या 162 हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा बस्तियात इलाके हैं। शनिवार को सामने आए मरीजों में दविंदर कौर, जोगिंदर कौर, कंसो देवी, सुखदेव कुमार, राजिंदर प्रसाद, रमेश लाल, गुरदीप सिंह शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक एक बसंत विहार का है। इनमें तीन महाराष्ट्र से लौटे हैं। एक बस्ती दानिशमंदा से है और एक रसीला नगर से है।

## चंडीगढ़ः बापूधाम कॉलोनी में 11 नए मामले आए सामने



**पीड़ितों में चार महीने, दो साल और 6 साल का बच्चा भी शामिल**

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि जारी है। आज सुबह फिर कोरोना के 11 नए केस सामने आ चुके है। सभी मरीज बापूधाम कॉलोनी से संबंधित है। पीड़िितों में एक चार महीने, दो साल और 6 साल का एक बच्चा भी शामिल है। अब अकेले बापूधाम से अब तक 97 कोरोना पॉजिटिव केस आ चुके हैं। नए मामले सामने आने के बाद प्रशासन की चिंता बढ़ गई है, जिसे देखते हुए बापूधाम कॉलोनी में भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। वहीं, बीते दिन शुक्रवार को कोरोना वायरस के कारण 35 वर्षीय हल्लोमाजरा के निवासी की मौत की पुष्टि हुई।

## जालंधर से 1200 प्रवासियों को लेकर श्रमिक एक्सप्रेस कटिहार के लिए रवाना

**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब के जालंधर से शनिवार को 1200 प्रवासियों को लेकर 12वीं श्रमिक एक्सप्रेस ट्रेन बिहार के कटिहार के लिए रवाना हुई। सिटी रेलवे स्टेशन से जाने वाली यह 12वीं ट्रेन है जिसमें प्रवासी मजदूरों को राज्य सरकार ने मुफ्त में भेजा है।

इन यात्रियों की सुविधा के लिए 7.86 लाख रुपये का पूरा खर्च पंजाब सरकार वहन कर रही है। राज्य सरकार ने जालंधर में फंसे 13000 प्रवासियों को शुक्रवार तक उनके राज्यों में वापस भेजा है जिस पर अब तक 70 लाख रुपये से अधिक खर्च किए हैं। इससे पहले जालंधर से डाल्टनगंज, गाजीपुर और बनारस, लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या, आजमगढ़, दरभंगा, बहराइच, सुल्तानपुर, मुजफ्फर नगर और अकबरपुर के लिए ट्रेनें जा चुकी हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गुरमीत सिंह ने इन प्रवासियों को रेलवे स्टेशन से उनके गृह नगर वापस भेजने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। प्रवासियों को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के स्वयंसेवकों द्वारा सिटी स्टेशन में प्रवेश करते समय भोजन, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। इसी तरह से उन्हें उचित सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए ट्रेन में चढ़ने की अनुमति दी गई, जिसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी तैनात किये गये। इसी तरह से स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक प्रवासी की स्क्रीनिंग की।



### जालंधर के डीसी दफ्तर पहुंचे अकाली दल के विधायक

## कहा, कोरोना संकटकाल में सरकार लापरवाह




**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब के जालंधर से खबर आ रही है कि यहां अकाली दल के विधायकों ने डीसी दफ्तर पहुंचकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। विधायकों ने कहा है कि पंजाब सरकार लोगों का ख्याल नहीं रख पा रही है। कोरोना मरीजों की ठीक से देखभाल नहीं हो रही है। विधायकों ने कहा कि कोरोना मरीजों के लिए बनाए गए अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है। जिससे कोरोना मरीज वीडियो बनाकर तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर रहे हैं, जिससे पंजाब की दुनिया भर में बदनामी हो रह है।

## अब केवल एक हफ्ते में पूरी कर सकेंगे कैलाश मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली।** चीन सीमा तक सड़क बनने से प्रसिद्ध कैलाश मानसरोवर यात्रा अब सुगम हो जाएगी। इस यात्रा में अब महज एक सप्ताह का समय लगेगा। अब तक इसमें 21 दिन का समय लगता था। कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अब तक यात्रियों को आधार शिविर धारचूला से लगभग 80 किलोमीटर की यात्रा पैदल ही तय करनी पड़ती थी। कठिन और दुर्गम स्थलों से होकर गुजरने वाली यात्रा बेहद जोखिम भरी थी। यात्रियों को पहली शाम आधार शिविर में बितानी पड़ती थी। इसके बाद मांगती, गाला, बूंदी, गुंजी और नाभीढांग के पड़ावों में रुकना पड़ता था। सीमांत तक सड़क बनने से अब कैलाश यात्री दिल्ली से सीधे लिपुलेख पहुंच सकेंगे। इस सड़क के बनने से अब तक कठिन मानी जाने वाली यात्रा सुगम हो जाएगी। इसके अलावा छोटा कैलाश की यात्रा भी सुगम होगी।

## देश का सबसे बड़ा तस्कर और हिज्बुल का आतंकी गिरफ्तार





**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सिरसा हरियाणा से दो बड़े तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों हिजबुल के लिए भी काम करते थे। पुलिस ने 532 किलोग्राम हेरोइन के मामले में बड़ी कार्रवाई की। सिरसा के बेगू रोड पर एक मकान में की रेड। पंजाब के बड़े नशा तस्कर रंजीत सिंह उर्फ चीता व उसके भाई गगन की हुई गिरफ्तारी। सिरसा में पिछले 8 महीने से एक घर मे छुपे हुए थे दोनों तस्कर। पंजाब का मोस्ट वांटेड तस्कर बताया जा रहा है रंजीत उर्फ चीता। अमृतसर पुलिस व एनआईए के बड़े अधिकारी पहुंचे थे रेड करने। पंजाब पुलिस के भारी पुलिस बल के साथ पहुंची थी टीम।

## श्रमिकों की वापसी के साथ ही उनको रोजगार देने में भी जुटी योगी सरकार

### 20 लाख प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार



**डेली संवाद, लखनऊ**

श्रमिकों की वापसी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उनको रोजगार देने की कार्ययोजना बनाने में भी जुटी है। संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर ली गयी है। आने वाले दिनों में दूसरे प्रदेशों से लौटे हुनरमंद और कर्मठ श्रमिकों के बूते उत्तर प्रदेश रेडीमेड गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण, गो आधारित उत्पाद, फूलों की खेती और फूलों से बनने वाले सह उत्पादों का हब बन सकता है। इस बाबत अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र देश का पहला राज्य है जिसने दूसरे प्रदेशों में रह रहे अपने श्रमिकों एवं कामगारों की सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी की शुरुआत की। मार्च के अंतिम हफ्ते से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से शुरू यह सिलसिला जारी है। अब तक विभिन्न राज्यों से ट्रेनों और बसों के जरिए करीब आठ लाख श्रमिक लाए जा चुके हैं।

उम्मीद है कि कुल 20 लाख प्रवासी इस दौरान अपने घरों को लौटेंगे। इन सबको स्थानीय स्तर पर उनके हुनर के अनुसार रोजगार देने को हम प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए दीर्घकालीन और अल्पकालीन दोनों तरह की योजनाएं सरकार के पास हैं। हर हालात में हम कोरोना जनित इस संकट को अवसर में बदलेंगे। इसके लिए हमने श्रम कानूनों में संसोधन भी किया है।

**हर रोज तीन दर्जन ट्रेनों से आ रहे प्रवासी :** पिछले तीन दिनों में 80 ट्रेनों से करीब सवा लाख प्रवासी श्रमिक उप्र पहुंच चुके हैं। 35 ट्रेनें रास्ते में हैं। अभी अगले कुछ दिनों तक रोज श्रमिकों को लेकर 35 से 40 ट्रेनें उप्र में पहुंचेंगी। खाड़ी देशों से आज हवाई जहाज से आने वालों में भी सब अपने प्रदेश के श्रमिक एवं कामगार ही हैं।

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला

## अयोध्या के राम मंदिर में दान देने वालों को टैक्स में मिलेगी 50 फीसदी छूट



**डेली संवाद, नई दिल्ली:** यदि आप भी अयोध्या में राम मंदिर को दान देने की सोच रहे हैं तो ये आपके लिए अच्छी खबर है। मोदी सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए गठित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दान देने वालों को इनकम टैक्स में छूट देने का फैसला किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में शुक्रवार देर शाम अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को ऐतिहासिक महत्व का एक स्थान और सार्वजनिक पूजा का स्थल कहा है। धारा 80 जी के तहत ट्रस्ट को दान करने वालों को 50 फीसदी तक तक छूट दी जाएगी। ये राहत केवल दान की जाने वाली धनराशि पर दी जाएगी।

## अब सिर्फ कोरोना के गंभीर मरीजों की ही टेस्टिंग जरूरी

### कुछ शर्तों पर मिलेगी अस्पताल से छुट्टी



**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों को रिकवर होने के बाद डिस्चार्ज करने की पॉलिसी में बदलाव हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नई पॉलिसी शनिवार सुबह जारी की। नए बदलावों के तहत, हल्के के केसेज में डिस्चार्ज से पहले टेस्टिंग की जरूरत को खत्म कर दिया गया है।

पेशेंट में कोई लक्षण ना दिखने और हालात सामान्य लगने पर 10 दिन में भी अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। डिस्चार्ज होने के बाद, पेशेंट को अब 14 दिन की बजाय 7 दिन होम आइसोलेशन में रहना होगा। 14वें दिन टेली-कॉन्फ्रेंस के जरिए मरीज का फॉलो-अप किया जाएगा।

ऐसे मरीज जिनमें कोरोना के लक्षण नहीं/बहुत हल्के के हैं, उन्हें कोविड केयर फैसिलिटी में रखा जाएगा। जहां उन्हें रेगुलर टेम्प्रेचर चेक और पल्स ऑक्सिमेट्री मॉनिटरिंग से गुजरना होगा। अगर 3 दिन तक बुखार ना आया हो तो मरीज को 10 दिन के बाद डिस्चार्ज किया जा सकता है। उससे पहले टेस्टिंग की जरूरत नहीं होगा। डिस्चार्ज के वक्त मरीज को 7 दिन तक होम आइसोलेशन में रहने को कहा जाएगा। डिस्चार्ज से पहले, अगर कभी भी ऑक्सीजन सैचुरेशन 95 पर्सेंट से नीचे जाता है तो मरीज को डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर ले जाया जाएगा।

### अमित शाह की दो टूक

## मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं, कई लोगों ने तो मेरे मरने की भी दुआएं मांगीं



**डेली संवाद, नई दिल्ली:** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके स्वास्थ्य को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लगाते हुए आज कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें कोई बीमारी नहीं है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर पर एक ट्वीट कर कहा कि कई दिनों से कुछ मित्रों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मेरे स्वास्थ्य के बारे में कई मनगढंत अफवाहें फैलाईं हैं, यहां तक कि कई लोगों ने मेरी मृत्यु के लिए भी ट्वीट कर दुआ मांगी है। उन्होंने कहा है कि वह उनके स्वास्थ्य की चिंता करने वाले सभी लोगों को यह संदेश दे रहे हैं। उन्होंने लिखा है, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं और मुझे कोई बीमारी नहीं है। शाह ने कहा है , देश इस समय कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से लड़ रहा है और देश के गृह मंत्री के नाते देर रात तक अपने कार्यों में व्यस्त रहने के कारण मैंने इस पर ध्यान नहीं दिया।





